कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com
www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–14, अंक–7, जुलाई 2014


किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545







## पटना में कामधेनु स्टील की चैनल पार्टनर मीट

भारत में टीएमटी सरियों के सबसे बड़ी निर्माता कंपनियों में से एक, कामधेनु इस्पात लि0 के उत्पाद देश भर में भरोसा और उच्च गुणवत्ता का पर्याय बन चुके हैं। देश के कोने–कोने में आज कामधेनु उत्पादों की मॉग तेजी से बढ़ रही है।

बिहार में तेज गति से हो रहे ढॉचागत विकास और निर्माण कार्य की वज़ह से यह राज्य निर्माण सामग्री के एक बड़े बाज़ार के रूप में उभर रहा है। राज्य भर में कामधेनु उत्पादों की लोकप्रियता के कारण राज्य के कामधेनु डीलरों को तेज गति से व्यावसायिक बढ़त का लाभ मिल रहा है। बिहार के बाज़ार में अपनी उपस्थिति को और मज़बूत करने तथा डीलरों को प्रोत्साहित करने की दिशा में कंपनी का मार्केटिंग डिवीजन लगातार डीलरों के साथ बैठकों का आयोजन करता रहता है।

इसी कड़ी में कामधेनु इस्पात लि0 ने बिहार की राजधानी पटना में चैनल पार्टनर मीट 2014 का आयोजन किया। 28 जून को होटल मौर्या में आयोजित इस शानदार मीट में राज्य भर से 340 से भी अधिक डिस्ट्रीब्यूटर और डीलर शामिल हुए। इस कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लि0 के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल के साथ कंपनी के सीनियर जी एम (मार्केटिंग) श्री एस बी शर्मा, जी एम (मार्केटिंग)-बिहार डीविजन श्री वाई आर पंडिता एवं सीनियर मैनेजर (ब्रैण्ड प्रमोशन) श्री चंदन गोस्वामी ने शिरकत किया। लाइसेंस के तहत राज्य में कामधेनु टीएमटी की निर्माता कंपनी दादीजी स्टील्स लि0 के निदेशक श्री रमेश गुप्ता व श्री बिनय सिंह के साथ श्री विजय गुप्ता, श्री शिशिर गुप्ता एवं श्री विभोर सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

उपस्थित डीलरों की कड़ी मेहनत और अच्छे प्रदर्शन के लिये सराहना करते हुये कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, ''कड़ी मेहनत का हमेशा ही अच्छा परिणाम मिलता है। आप लोगों की मेहनत से कंपनी को राज्य में सम्मानजनक बाज़ार हिस्सेदारी मिली है। पर हमें यह याद रखना चाहिये कि बिहार में कंपनी के विस्तार और विकास की बहुत अधिक संभावना है। हमें लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुये आगे बढना है।'' कार्यक्रम के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलरों को सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों के मनोरंजन के लिये मज़ेदार कार्यक्रम भी पेश किये गये। इस डीलर मीट में कंपनी के आगामी रणनितियों तथा योजनाओं की जानकारी डीलरों को दी गई। श्री पंडिता ने डीलरों को अधिक से अधिक बेहतर प्रदर्शन के लिये कंपनी की ओर सभी जरूरी मदद का भरोसा दिलाया।



# सेमी बुलेट ट्रेन का परीक्षण

3 जुलाई को दिल्ली से आगरा के बीच सेमी हाई स्पीड ट्रेन के सफल परीक्षण के साथ ही देश में रेलगाड़ी की रफ्तार बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरूआत की गई। इस परीक्षण से संभावना जगी है कि दिल्ली और आगरा के बीच नवम्बर माह तक सेमी बुलेट ट्रेन की सेवा शुरू की जा सकेगी, जिससे यात्री सिर्फ 90 मिनट में दिल्ली से ताज़ नगरी का सफ़र तय कर सकेंगे।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस रेल की अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रतिघंटे की होगी जो कि शताब्दी और राजधानी ट्रेनों से बढ़कर होगी। आगरा के लिये पर्यटन की संभावनाओं के बीच यहाँ के लिये तेज रेल सेवा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। पहले चरण में दिल्ली–आगरा–भोपाल रूट पर शुरू होने के बाद इसी तरह की रेल दिल्ली–चंडीगढ़ तथा दिल्ली–कानपुर रूट पर भी शुरू की जायेगी।

इस सेमी हाई स्पीड ट्रेन सेवा को 300 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चलने वाली बुलेट ट्रेन की दिशा में एक क़दम बताया जा रहा है। आज जापान, चीन और कई यूरोपीय देशों में बुलेट ट्रेन की सेवा उपलब्ध है और अपने देश में इन ट्रेनों का संचालन भारतीय रेल के लिये एक महत्वपूर्ण लक्ष्य भी है और कठिन चुनौती भी।

# कटरा तक रेल–यात्रा आरम्भ

वैष्णों देवी के करोड़ों भक्तों की तीर्थयात्रा को आसान करते हुये अब सीधे ट्रेन से कटरा तक जाना मुमकिन हो गया है। अब तक श्रद्धालुओं को जम्मू में रेल से उतर कर वहाँ से बस या टैक्सी द्वारा कटरा पहुँचने की परेशानी उठानी पड़ती थी। माँ वैष्णों देवी के दरबार में जाने वाले प्रतिवर्ष 1 करोड़ के करीब दर्शनार्थी अब इस रेल सेवा का लाभ ले सकेंगे।

कटरा और उधमपुर के बीच यह रेल 11 किलो मीटर तक सुरंग के अंदर से गुजरने के अलावा 7 बड़े पुलों के एवं 29 छोटे पुलो से होकर गुजरती हुई 25 किलो मीटर से अधिक की दूरी तय करती है। 1132 करोड़ से अधिक लागत से बन कर तैयार हुआ उधमपुर– कटरा लाइन कश्मीर घाटी तक रेल सुविधायें पहुँचाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

4 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्रिकूट की पहाड़ियों के बीच बनाये गए कटरा स्टेशन से हरी झंडी दिखा कर इस नई रेल–सेवा का उद्घाटन किया। रेलमंत्री श्री सदानंद गौड़ा भी उस समय वहाँ उपस्थित थे। शुरूआत में प्रतिदिन तीन ट्रेनें कटरा तक चलाई जा रही है जल्द ही जिसे बढ़ा कर 6 ट्रेन अप व 6 ट्रेन डाउन कर दिया जायेगा।





# सस्ते मकान बनाने में सिंगापुर की मदद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में कम लागत वाली आवासीय परियोजनाओं के लिये सिंगापुर से आधुनिक निर्माण प्रौद्योगिकी हासिल करने में मदद का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री ने यह अनुरोध भारत यात्रा पर आए सिंगापुर के विदेश मंत्री के शण्मुगम से हुई मुलाकात के दौरान किया।

इस मुलाक़ात के दौरान दोनों देशों के बीच कौशल विकास, स्मार्ट शहरों के निर्माण, जल प्रबंधन, जहाजरानी, बंदरगाह व तटीय क्षेत्रों के विकास के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। पर्यटन के क्षेत्र में सिंगापुर का विश्व में अग्रणी स्थान होने की वज़ह से प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों को सिंगापुर में एक–एक महीने का विशेष प्रचार अभियान चलाने का सुझाव दिया।

भारत और सिंगापुर के बीच राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दोनों देशों में वर्ष भर द्विपक्षीय कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। ये स्वर्ण जयंती आयोजन अगस्त 2014 से जुलाई 2015 तक चलाये जायेंगे।







# हिमाचल में छाया KAMDHENU SS 10000

निर्माण सेक्टर में भारत की अग्रणी कंपनियों में शामिल कामधेनु इस्पात लिमिटेड का नवीनतम प्रीमियम उत्पाद KAMDHENU SS 10000 आज भारत में अपनी तरह का एकमात्र उत्पाद है जिसमें है डबल रिब्स, डबल मजबूती और जो देती है डबल सुरक्षा। भारत की एक बड़ी इंजीनियरिंग संस्था आई आई टी रूड़की द्वारा किये गये प्रयोगों में पाया गया कि KAMDHENU SS 10000 कंक्रीट को साधारण सरियों के मुकाबले 254 प्रतिशत अधिक मजबूत पकड़ देने में सक्षम है। जबरदस्त मजबूती होने के साथ ही KAMDHENU SS 10000 में डबल रिब्स, भूकंप रोधी डिजाइन है जिसके कारण इसमें भूकंप से मुकाबला करने की जबर्दस्त ताकत है ।

हिमाचल प्रदेश में KAMDHENU SS 10000 की मॉग लगातार बढ़ रही है। सुरक्षित निर्माण की गारंटी KAMDHENU SS 10000 को राज्य में और अधिक बढ़ावा देने के लिए 29 मई को सोलन के हिमानी होटल एंड रेस्टोरेंट में ठेकेदारों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 40 ठेकेदार शामिल हुये। कंपनी की ओर से श्री राकेश मिसरी, जी एम, श्री बलवंत सिंह चौधरी, श्री सुनील सैन, सीनियर मैनेजर मार्केटिंग एवं श्री अमित शुक्ला, मार्केटिंग एक्जेक्यूटिव उपस्थित हुये। साथ ही KAMDHENU SS 10000 के डिस्ट्रीब्यूटर श्री मोहन अग्रवाल और सोलन के डीलर मैसर्स मित्तल हार्डवेयर के श्री गौरव मित्तल व श्री सौरभ मित्तल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

श्री सुनील सैन, सीनियर मैनेजर मार्केटिंग ने उपस्थित ठेकेदारों का स्वागत करते हुये उन्हें कंपनी के बारे में जानकारी दी। श्री राकेश मिसरी, जी एम ने KAMDHENU SS 10000 की उच्च गुणवत्ता तथा अंतर्राष्ट्रीय तकनीक के बारे में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। फिर उन्होंने ठेकेदारों द्वारा पूछे गये सवालों का उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में डिस्ट्रीब्यूटर श्री मोहन अग्रवाल ने ठेकेदारों को अपना समय देने के लिये धन्यवाद दिया। सभी ठेकेदारों ने कार्यक्रम के दौरान मिली उपयोगी जानकारियों के लिये प्रसन्नता दिखाते हुये KAMDHENU SS 10000 को अपनाने का भरोसा जताया।

# इंजीनियरों ने सराहा कामधेनु उत्पादों को

देश की अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी, कामधेनु इस्पात लि0 ने अपने जागरूकता कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में इंजीनियरों और आर्किटेक्टों की एक बैठक का आयोजन किया। बिलासपुर के होटल आनंदम इम्पीरियल में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में ज़िले भर से 30 से अधिक इंजीनियर शामिल हुए।

कंपनी की तरफ से कार्यक्रम में श्री विशाल अग्रवाल, मार्केटिंग मैनेजर ने शिरकत किया। कार्यक्रम मे भाग लेने वाले इंजीनियरों में इंजीनियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री दीपक अग्रवाल व सचिव श्री एन पी गुप्ता शामिल थे।

कार्यक्रम के दौरान कंपनी के अधिकारी ने कामधेनु उत्पादों की बेहतरीन गुणवत्ता के बारे में विस्तार से बताया। उपस्थित इजीनियरों ने उत्साहजनक भागीदारी दिखाते हुये कई सवाल पूछे जिनका कंपनी के अधिकारी ने जवाब दिया। कामधेनु उत्पादों की गुणवत्ता और फायदे जानकर उपस्थित इजीनियरों ने अधिक से अधिक इसके उपयोग को बढ़ावा देने की बात की और कामधेनु उत्पादों को काफी सराहा।






## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री दिनेश भाई हाकु भाई बविशा
**मैसर्स यमूना स्टील**
जूनागढ़ रोड,
सरदार चौक
जैतपुर, राजकोट, गुजरात
मो. – 09824291125

श्री विवेक भाई
**मैसर्स श्री कृष्णा हार्डवेयर सेंटर**
धर्मा सुपर मार्किट के सामने,
एन.एच. 8, किम चार रास्ता,
तलूका – मंगरोल, जिला – सूरत, गुजरात
मो. – 09924131026

श्री ताराचंद भाई
**मैसर्स श्री राम ट्रेडर्स**
नियर ओधव बस स्टेंण्ड
ओधव, अहमदाबाद
गुजरात
मो. – 09998725416

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 26.07.2014



# छत्तीसगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम

भारत में निर्माण क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कामधेनु इस्पात लि0 के उत्पाद देश भर में अपनी गुणवत्ता के लिये जाने जाते हैं। कामधेनु उत्पादों के बारे में निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों में जानकारी बढ़ाने के उद्देश्य से कंपनी नियमित रूप से उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। इसी प्रकार हाल ही में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और दंतेवारा ज़िले में ठेकेदार और राजमिस्त्री बन्धुओं के साथ दो जगहों पर उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बिलासपुर के कोटा में आयोजित उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्र के 40 से अधिक ठेकेदार और राजमिस्त्री बन्धुओं ने हिस्सा लिया। स्थानीय डीलर मेसर्स अग्रहारी ट्रेडर्स के श्री सुनील अग्रहारी ने इस कार्यक्रम के आयोजन में सराहनीय भूमिका निभाई।

दंतेवारा के गिधम में आयोजित दूसरा उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम भी काफी सफल रहा। स्थानीय डीलर मेसर्स उत्तम हार्डवेयर के श्री नीरू जी की सक्रिय भगीदारी से आयोजित इस कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्र के 40 से अधिक ठेकेदार और राजमिस्त्री उपस्थित हुये।

कंपनी के मार्केटिंग मैनेजर श्री विशाल अग्रवाल ने दोनों ही कार्यक्रमों में शामिल होकर उपस्थित ठेकेदार और राजमिस्त्री बन्धुओं को कंपनी से जुड़ी जानकारी दी और कामधेनु उत्पादों की बेमिसाल गुणवत्ता के बारे में बताया। उपस्थित ठेकेदार और राजमिस्त्री बन्धुओं ने कार्यक्रम के दौरान कामधेनु उत्पादों के निर्माण तकनीक और उनकी गुणवत्ता से जुड़े कई सवाल किये जिनका अच्छी तरह समझा कर उत्तर दिया गया। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को बहुत ही उपयोगी बताया और भविष्य में बेहतर निर्माण के लिये कामधेनु उत्पाद ही अपनाने की इच्छा जताई।






# बिहार के डीलरों ने की मलेशिया की सैर






भारत में निर्माण क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कामधेनु इस्पात लि0 के उत्पादों की मॉग देश के कोने–कोने में बढ़ती जा रही है। कंपनी का मज़बूत देशव्यापी डीलर नेटवर्क देश भर में उपभोक्ताओं को सुविधा के साथ कामधेनु उत्पाद उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कंपनी भी अपने डीलर बन्धुओं के लिये लगातार लाभप्रद योजनायें चलाता रहता है।

हाल ही में बिहार के सभी सुपर डीलर बन्धुओं को डीलर स्कीम की "कपल टूर योजना" के अंतर्गत 5 दिन की मलेशिया की सैर पर जाने का मौका दिया गया। बिहार में लाइसेंस के अंर्तगत कामधेनु टी एम टी की निर्माता कंपनी दादीजी स्टील के असिसटेंट मैनेजर श्री मुकुंद सहाय भी इस यात्रा में टीम लीडर के रूप में मलेशिया गये। मलेशिया की सैर पर जाकर सभी डीलर बन्धुओं ने काफी अच्छा समय बिताया।




Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com